भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 476
उत्तर देने की तारीख 06 फरवरी, 2024
17 माघ, 1945 (शक)

एनएसएस के लिए कौशल विकास

476. श्री राजेश वर्मा :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयं सेवकों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल की गई विशिष्ट कौशल विकास पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस योजना ने विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों में एनएसएस स्वयं सेवकों की क्षमताओं में वृद्धि करने और उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के पास कौशल विकास के लिए कोई विशिष्ट पहल नहीं है, जिसे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल किया जा सके। तथापि, एनएसएस स्वयंसेवक एनएसएस के नियमित कार्यकलापों और विशेष शिविर कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल, जीवन कौशल पर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

(ख) और (ग): राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एनएसएस का उद्देश्य "सेवा के माध्यम से शिक्षा" है। यथोचित रूप से, एनएसएस का आदर्श वाक्य "स्वयं से पहले आप" है, एनएसएस स्वयंसेवक आपस में निम्नलिखित के विकास के उद्देश्य से 'स्वयं' से पहले 'समुदाय' को रखते हैं:

- (i) उस समुदाय को समझना जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक काम करते हैं और अपने समुदाय के मद्देनजर स्वयं को समझना।
- (ii) समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना और समस्या के समाधान में स्वयं को जोड़ना।
- (iii) आपस में सामाजिक एवं नागरिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना।
- (iv) व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजने में अपने ज्ञान का उपयोग करना।
- (v) सामुदायिक भागीदारी जुटाने में कौशल हासिल करना।
- (vi) नेतृत्व गुण और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राप्त करना।
- (vii) आपात्कालीन एवं प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता विकसित करना: एवं
- (viii) राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता बनाए रखना।

इसके अलावा, एनएसएस स्वयंसेवकों को सामुदायिक सेवा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता शिविर, राष्ट्रीय साहसिक शिविर, प्री-रिपब्लिक डे कैंप, गणतंत्र दिवस परेड शिविर, राष्ट्रीय युवा महोत्सव आदि जैसे विभिन्न अन्य एनएसएस कार्यक्रमों में भागीदारी के माध्यम से अनुभव मिलता है।

****